दैनिक
# न्याय साक्षी



# सड़क दुर्घटना : सिटी बस पलटने से दो की मौत, कई घायल

## लापरवाह बस चालक पर एफआईआर, दुर्घटनास्थल का जिलास्तरीय इंटर डिपार्टमेंट ट्रैफिक लीड एजेंसी ने किया निरीक्षण





**रायगढ़।** लैलूंगा से आ रही सिटी बस क्रमांक सीजी 13 क्यु 0741 के चालक का घरघोडा से पहले ग्राम चारभांठा मोड के पास बस को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से बस से नियंत्रण खोकर बस को रोड से नीचे उतार दिया जिससे बस पलट गई। बस पल्टी होने से गिरी प्रसाद निषाद निवासी कमरीद सरिया एवं सुरेश तिर्की निवासी करवाजोर पखरीटोला लैलुंगा को गंभीर चोटें लगने से मौके पर ही फौत हो गये एवं अन्य कई यात्रीगण घायल थे। दुर्घटना की सूचना पर आसपास के रहवासियों के साथ घरघोड़ा पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण भी मौके पर पहुंचे और व्यवस्था बनाया गया। घटना को लेकर बस के चालक के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वहीं कलेक्टर महोदय के निर्देशन पर हादसे का वास्तविक कारण जानने के लिए जिला आरटीओ अधिकारी दुष्यंत रायत, एसडीएम ऋषा सिंह ठाकुर, एसडीओपी दीपक मिश्रा, यातायात प्रभारी सुशांतो बनर्जी अपने टीम के साथ मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल पर सड़क में कमी जैसे गड्ढे, अंधा मोड़ , निर्माण में दोष इत्यादि का जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को कमी पूर्ति दुरूस्त कराने निर्देशित किया गया है। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना और सुरक्षित यातायात से था।

## कलेक्टर व एसपी ने मेडिकल कॉलेज पहुंच घायलों का जाना हाल

- कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर रेडक्रॉस से दी गयी तात्कालिक आर्थिक सहायता
- मरीजों के बेहतर उपचार के लिए कलेक्टर ने किया निर्देशित



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने आज दोपहर मेडिकल कॉलेज पहुंच कर घरघोड़ा मार्ग में चारभांठा के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों का हालचाल जाना और एवं उन्हे तत्काल रेडक्रास सोसायटी से 3-3 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिलवाई। कलेक्टर सिन्हा ने इलाज कर रहे डॉक्टरों से मरीजों की स्थिति के बारे में जाना और अधीक्षक मेडिकल कॉलेज को मरीजों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने मरीजों तथा उनके परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मालूम हो कि आज सुबह करीब 7.30 बजे घरघोड़ा मार्ग पर चारभांठा के पास यह दुर्घटना हुई, जिसमें बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 2 लोगों की मौके पर ही दु:खद मृत्यु हो गई। वहीं मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 लोगों को घरघोड़ा में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया। 01 मरीज को 108 संजीवनी एम्बुलेंस के माध्यम से रायपुर भेजा गया। जिन्हें हल्की चोट आई है, ऐसे 12 मरीजों का प्राथमिक इलाज घरघोड़ा के अस्पताल में किया गया। जिनमें 2 को ऑब्जर्वेशन में रखकर बाकियों को आज छुट्टी दी जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पानी में डूबने से दो लोगों की असामयिक मृत्यु, वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ अनुविभाग अंतर्गत दो लोगों की पानी में डूबने से असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-धरमपुर निवासी विकास पंडो की 31 मई 2022 को तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर धनेश्वर पंडो को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-खलबोरा निवासी एतवार साय की 20 जनवरी 2023 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी धनमोती को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### ग्राम पंचायत सचिव मालिकराम राठिया निलंबित

**रायगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ अबिनाश मिश्रा ने जनपद पंचायत तमनार ग्राम पंचायत देवगढ़ के पंचायत सचिव मालिकराम राठिया को मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण पेंशन संबंधी कार्य, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं राशन कार्ड संबंधी कार्य प्रभावित होने तथा उच्चाधिकारियों के आदेश/निर्देशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत तमनार निर्धारित किया गया है।

### कोविड से मृत व्यक्ति के आश्रित को अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, द्वारा जारी आदेश के तहत ग्राम-रावनखोंदरा, तहसील-पुसौर के पंचराम सिदार की 2 मई 2021 को कोविड से हुई मृत्यु पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा प्रकरण पश्चात पात्रतानुसार मृतक की पत्नी लक्ष्मीन बाई सिदार को 50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### चिकित्सा विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, फीडिंग डिमांस्ट्रेटर एवं स्टॉफ नर्स भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 30 एवं 31 मई को

**रायगढ़।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत विकासखण्ड धरमजयगढ़/तमनार में स्वीकृत पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में चिकित्सा विशेषज्ञ/ चिकित्सा अधिकारी/ फीडिंग डिमांस्ट्रेटर/ स्टॉफ नर्स के पद पर भर्ती किए जाने हेतु 30 एवं 31 मई 2023 को वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिंदल रोड भगवानपुर, रायगढ़ में आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन का प्रारूप तथा अन्य संबंधी विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड किया गया है।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र और नवीनीकरण के लिए 26 मई को बरमकेला में शिविर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा मंगल भवन बरमकेला में 26 मई 2023 शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया है। जिले में निवासरत दिव्यांगों के यूडीआईडी पंजीयन और प्रमाण पत्र, दिव्यांगो के आंकलन सह प्रमाणीकरण हेतु मंगल भवन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। दिव्यांगों के लिए पेयजल और भोजन व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इस शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड की टीम उपस्थित रहेंगे। ऐसे दिव्यांग, जिनके प्रमाण पत्र नहीं है, उनके प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे साथ ही साथ दिव्यांगो के प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। सभी दिव्यांग अपने 2 पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड और पुराने दिव्यांग प्रमाण पत्र यदि बना हो, उनके ओरिजनल और फोटोकापी साथ में लाएं। शिविर में ऐसे दिव्यांग जिनके यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र जीवित है, वैधता अवधि समाप्त नहीं हुआ है, उनको शिविर में आने की जरूरत नहीं है। वंचित दिव्यांगो के लिए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में मुनादी कराना है। बिलाईगढ़ में यह शिविर 2 जून 2023 को होगा।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने ली समय सीमा की बैठक



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने समय सीमा की बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की एवं निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कुपोषित बच्चों हेतु सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की साथ ही बाल संरक्षण केन्द्र में बच्चों को दवाईयों की उपलब्धता एबं बच्चों की मानीटरिंग के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने खाद भंडारण एवं वितरण के कार्यों की जानकारी ली, साथ ही अग्रिम भंडारण और लक्ष्य के आंकड़ों की ब्लॉकवार सूची तैयार कर तय लक्ष्यों के आधार पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में चल रहे जाति प्रमाण जारी करने संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से अस्थाई जाति प्रमाण पत्र और स्थाई जाति प्रमाण पत्र की एंट्री के कार्य में तेजी लाने को कहा। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने किसान किताब और आधार प्रविष्टि के मामले, अविवादित और विवादित खाता विभाजन एवं अविवादित और विवादित नामांतरण अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आंकड़ों की समीक्षा करते हुए आगामी दिनों में इन सभी मामलों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही नक्शा बंटाकन और अभिलेख शुध्दता रिपोर्ट के कार्यों की समीक्षा की एवं पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों की सहायता से कार्य की गति बढ़ाने को कहा। इसके पश्चात गोधन न्याय अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने को कहा। साथ ही योजनांतर्गत गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के भंडारण की स्थिति, गौमूत्र संग्रहण और क्रय के आंकड़ों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल, एसडीएम मोनिका वर्मा, टीआर माहेश्वरी एवं डॉ स्निग्धा तिवारी सहित अन्य विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# गोधन न्याय योजना बना अतिरिक्त आय का जरिया, पशु पालक हो रहे आर्थिक रूप से सशक्त

- गोबर बेचकर दुखी बाई ने कमाये 97 हजार से अधिक की राशि
- गाय कोठा मरम्मत के साथ, टायलेट का भी कराया निर्माण
- गोधन न्याय योजना से गौपालक, किसान, गौठान समिति एवं महिला समूह भी हो रही लाभान्वित



**रायगढ़।** राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना गौपालकों एवं किसानों के लिए आर्थिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण साबित हो रही है। जिससे ग्रामीणों में पशुपालन को लेकर रुझान बढ़ रहा है, वही किसान गोबर बेचकर आर्थिक रूप से सशक्त भी हो रहे है। एक समय किसी ने यह सोचा नहीं होगा कि गोबर विक्रय कर आय अर्जित किया जा सकता है। लेकिन आज शासन ने फ्लैगशीप योजना के माध्यम से यह कर दिखाया, जहां गोबर खरीद कर किसानों, गौपालकों को राशि प्रदान कर रही है, वही महिला समूह के माध्यम से बनाए जा रहे वर्मी कम्पोस्ट से अब राज्य जैविक खेती की ओर अग्रसर भी हो रहा है।

गोधन न्याय योजना से राज्य के गौपालकों, किसानों, गौठान समितियों और महिला समूह लाभान्वित हो रही है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से राज्य सरकार किसानों एवं ग्रामीणों से गोबर खरीद रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।

इसका उदाहरण देखने को मिला विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम-बनोरा में, जहां दुखी बाई निषाद निवासरत है, वे बताती है गोधन योजना से उनके जीवन में काफी बदलाव आया है, आज गोबर विक्रय से अतिरिक्त आय प्राप्त होने से वे आर्थिक रूप से मजबूत हुई है। वे एक लघु किसान है, उनके पास लगभग 0.405 हेक्टेयर कृषि भूमि है साथ ही 8 पशुधन है। दुखीबाई कृषि के धान को समर्थन मूल्य में विक्रय कर रही है, इसके अलावा उन्हें गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर विक्रय कर अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि 485.46 क्विंटल विक्रय किया, जिससे उन्हें 97 हजार 92 रुपए प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि से पशुओं की कोठा मरम्मत एवं टॉयलेट निर्माण करवा चुकी है। इसके अलावा घरेलू खर्चों के साथ ईलाज और दवाईयों की खरीदी में भी मदद मिली।

# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की मेजबानी के लिए रायगढ़ है तैयार

- कला, संस्कृति व आतिथ्य की समृद्ध परंपरा का दिखेगा संगम
- महोत्सव में पहुंचेंगी 14 राज्यों और 4 देशों की मंडलियां
- महोत्सव के मंच पर प्रख्यात कलाकार देंगे प्रस्तुतियां
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक
- संचालक संस्कृति विवेक आचार्य ने बताई कार्यक्रम की रूपरेखा
- जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी बैठक में रहे मौजूद, दिए सुझाव

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर रायगढ़ में 1 से 3 जून तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। देश-विदेश की मंडलियां इस भव्य आयोजन में भाग लेंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम के शुभारंभ और समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। रायगढ़ में महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। इसी सिलसिले में आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। विधायक प्रकाश नायक, संचालक, संस्कृति विभाग विवेक आचार्य, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संचालक संस्कृति विवेक आचार्य ने तीन दिवसीय महोत्सव की पूरी रूपरेखा के बारे में बताया। कलेक्टर सिन्हा ने इस मौके पर जिला प्रशासन की तैयारियों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ इस भव्य आयोजन की मेजबानी के लिए तैयार है। कला व संस्कृति की नगरी रायगढ़ में आतिथ्य की पुरानी परंपरा रही है। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के माध्यम से यह समृद्ध परंपरा पुन: दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन के साथ ही सभी के सामूहिक सहयोग से संपन्न होगा। विधायक प्रकाश नायक ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से रायगढ़ में यह विराट आयोजन होने जा रहा है। यह हम सब के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने इस मौके पर अपने सुझाव भी रखे। इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अपने अपने सुझाव रखे।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, सभापति नगर निगम जयंत ठेठवार, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, एएसपी संजय महादेवा सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अरण्यकाण्ड के प्रसंगों पर प्रस्तुति देंगी 4 देश और 14 प्रदेशों की मंडलियां-** संचालक संस्कृति विवेक आचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के मंच में देश के 14 प्रदेश के साथ नेपाल, कंबोडिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड के कलाकार अरण्यकांड के प्रसंगों पर प्रस्तुति देंगे। इस महोत्सव में शामिल होने वाली मानस मंडलियों के पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें प्रथम पुरस्कार 5 लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार 3 लाख रूपए और तृतीय पुरस्कार की राशि 2 लाख रूपए तय की गई है।

**ऐसी रहेगी कार्यक्रम की रूपरेखा-** तीन दिवसीय आयोजन में पहले दिन महोत्सव की शुरुआत होगी। जिसमें प्रतिभागी दलों का मार्च पास्ट होगा। दोपहर 3 बजे से रामायण मंडलियों की प्रस्तुति शुरू होगी। शाम में इंडियन आइडल फेम प्रसिद्ध सिंगर्स शन्मुख प्रिया और शरद शर्मा की परफॉर्मेंस होगी। 02 जून दोपहर तीन बजे रामायण मंडलियां प्रस्तुति देंगी। शाम को प्रसिद्ध गायक बाबा रघुवंशी और भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के समापन 03 जून को दोपहर 03 बजे मंडलियों की अंतिम प्रस्तुतियां होंगी। शाम 6 बजे केलो महाआरती और दीपदान का कार्यक्रम होगा। जिसके पश्चात प्रख्यात कवि कुमार विश्वास रामकथा कहेंगे और प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर के भजनों की प्रस्तुति होगी। रामायण महोत्सव में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाएगा।

# रायगढ़ में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर शहर के प्रमुख चौंक चौराहों के साथ आऊटर पर रायगढ़ यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस के जवानों द्वारा ब्रेथ एनालाइजर मशीन से चालकों की जांच की गई। इस दौरान तीन सवारी, ओव्हर स्पीड, बिना सीट बेल्ट व अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों के तहत 25 वाहन चालकों पर कार्रवाई किया गया। चालानी कार्यवाही दौरान यातायात डीएसपी सुशांतो बनर्जी उनके स्टाफ के साथ मौजूद रहे। डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि एसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर यातायात व थानों की टीमों द्वारा प्रतिदिन मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाती है। तेज गति, शराब सेवन कर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना सड़क हादसों का प्रमुख कारण है जिसे लेकर यातायात पुलिस द्वारा प्रतिदिन चौक चौराहों एवं आउटर में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही है।

# दो हजार रुपए के नोट बदलने के नाम पर ठगी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

- बैंक की शाखा में वृद्ध ग्रामीण को नोट बदलने का झांसा देकर फरार हुआ था आरोपी
- कोतवाली और साइबर सेल की टीम ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को सारे रूपयों के साथ किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** 22 मई को ढिमरापुर रोड रायगढ़ स्थित यूनियन बैंक में रु.2000 के नोट बदली करने आए वृद्ध ग्रामीण को बैंक में रूपये बदली करने आये एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा रु.2,000 के नोट के बदले रु.500-रु.500 के नोट देने का झांसा देकर ग्रामीण के रु.3,000,00 लेकर फरार हो गया था जिसे रायगढ़ की कोतवाली और साइबर सेल की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर घटना के महज 24 घंटों के भीतर ठगी के 3 लाख रूपये के साथ रायपुर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाने में सफलता हाथ लगी है।

घटना को लेकर पीड़ित पालूराम राम पटेल (उम्र करीब 70 वर्ष) निवासी भगवानपुर थाना कोतरारोड़ ने बताया कि वर्ष 2021 में अपनी जमीन 10 लाख रूपये में बिक्री किया था जिसका रु.3,000,00 जो रु.2,000-रु.2,000 के नोट में थे। उसे 22 मई के सुबह पालूराम पटेल ढिमरापुर चौक स्थित यूनियन बैंक में बदलने आया था। बैंक में उसे एक व्यक्ति मिला। अज्ञात व्यक्ति ने उसके रु.3,000,00 के बदले में रु.500-रु.500 के नोट देना कहकर उसके पास रु.2,00,000 होना बताया और रु.1,000,00 व्यवस्था करके लाने की बात कह कर पालूराम को चकमा देकर उसके रु.3,00,000 को लेकर फरार हो गया, काफी समय बाद जब अज्ञात व्यक्ति बैंक नहीं आया तो पालूराम थाना कोतवाली जाकर दर्ज कराया। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा कोतवाली पुलिस के साथ आरोपी की पतासाजी के लिये साइबर सेल की टीम को लगाया गया। एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर पुलिस टीम तत्काल सस्पेक्ट के पतासाजी में जुट कर बैंक और बैंक के बाहर दुकानों के सीसीटीवी फुटेज निकाले। पीड़ित पालु राम पटेल ने फुटेज में Levis लिखा ब्लु टी शर्ट पहले व्यक्ति को आरोपी बताया जिसके बाद सारे थाना, चौकी प्रभारियों को संदेही के फोटोग्राफ्स शेयर कर पतासाजी में लाया गया। कोतवाली व साइबर सेल की टीम द्वारा बैंक के बाहर कई दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें घटना के बाद संदेही एक ऑटो में बैठकर जाता दिखा, उस ऑटो को ट्रैक करते हुये पुलिस टीम रेलवे स्टेशन के पास पथिक होटल पहुंची। जहां संदेही कुनाल सिन्हा निवासी भिलाई, दुर्ग के उसके दोस्त विक्रम सिंह (बजाज फायनेंस एरिया मैनेजर) के साथ रूकने और कुनाल सिन्हा के चेक आउट कर चले जाने की जानकारी मिली। दूसरी ओर सायबर सेल की टीम को एक सस्पेक्ट मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ जिसके रायपुर, राजनांदगांव में एक्टिव होना पता चला। तत्काल पुलिस टीम रायपुर पहुंची। जहां रेलवे स्टेशन के पास सभी होटलों को टीम ने एक-एक कर छान मारा, संदेही नहीं मिला। तब पुलिस की एक टीम राजनांदगांव की ओर पतासाजी रवाना हुई और एक टीम रायपुर में पता तलाश कर रही थी। संदेही कुनाल सिन्हा के राजनांदगांव से रायपुर लौटते ही रायपुर स्टेशन के पास पुलिस टीम कुनाल सिन्हा को धर दबोचा गया जिसे हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया है।

आरोपी कुनाल सिन्हा पिता लालेश्वर प्रसाद सिन्हा उम्र 34 वर्ष निवासी सेक्टर 6 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) ने बताया कि वह 22 मई को स्वयं रु.2000 के नोट बदली कराने बैंक गया था, उसने बैंक में ग्रामीण (पालूराम पटेल) को काफी रूपये के साथ देखा और उसे अपने रूपये दिखाकर वृद्ध का रूपये लेकर फरार हो जाना बताया। आरोपी ने बताया कि रायगढ़ से रायपुर बाई रोड़ जाते समय रास्ते में एक पेट्रोल पम्प पर उसने 20,000 रूपये बदली किये थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपी कुनाल सिन्हा के पास से चुराये 3 लाख रूपये और उसका मोबाइल की जप्त किया गया है। आरोपी के दोस्त विक्रम सिंह ने बताया कि कुनाल पहले भी कई लोगों को ठग चुका है और कवर्धा जिले में अमानत में खयानत के केस में जेल भी गया था जो हाल ही में छुटा है। आरोपी कुनाल सिन्हा को कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480